## प्री –सी0आर0एम0 फालोअप सहयोगात्मक भ्रमण रिपोर्ट– जनपद आगरा।

**भ्रमण टीम सदस्यों के नाम–**

1. डा0 आनंद अग्रवाल उपमहाप्रबन्धक आर0के0एस0के0।
2. राजीव कुमार दूबे, कार्यक्रम समन्वयक बाल स्वास्थ्य।

**जनपद आगरा में निम्नवत स्वास्थ्य इकाईयों के भ्रमण के मुख्य बिन्दु निम्नवत है:–**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सैंयाँ–**

1. साईनेज रोड बोर्ड एवं अस्पताल के अन्दर मानकानुसार उपलब्ध कराकर लगा दी गयी है।
2. सी0एच0सी0 प्रांगण में हर्बल गार्डन के लिए जालीदार युक्त 2 पृथक से गार्डन हैं किन्तु हर्बल गार्डन नहीं बना है, जिस पर टीम द्वारा लोहे की भण्डार हर्बल गार्डन की पटिकांओं को निकलवाकर क्यू0ए0 के मानकानुसार लगावा दिया गया है।
3. जनरेटर को पेन्ट करा दिया गया है।
4. सी0एच0सी0 में स्थापित ऑक्सीजन प्लॉन्ट का मरम्मत कराकर सुचारू रूप से उपयोग मे लिया जा रहा है।
5. सी0एच0सी0 प्रांगण में पूर्ण रूप से निष्क्रीय भवन जो कि मरीजो, तिमारदारों एवं अन्य लोगों की जानमान की हानि होने वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए निषप्रयोजन हेतु लिखवा दिया गया है।
6. सी0एच0सी0 प्रांगण में झांडियाँ, जंगल एवं गंदगी को सही करा दिया गया है।
7. सी0एच0सी0 में प्रयोग हो रहे बी0एम0डब्लू0 कक्ष साफ–सफाई युक्त पाये गये एवं अधूरे सटर का कार्य करा दिया गया है साथ ही बी0एम0डब्लू0 कक्ष को मानकानुसार पेन्ट करा दिये गये है।
8. राष्ट्रीय गैर संचारी कार्यक्रम की आई0ई0सी0 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रखी पायी गयी सम्बन्धित समस्त आई0ई0सी0 को भण्डार कक्ष से बाहर निकलवाकर मानकानुसार सम्बन्धित आई0ई0सी0 को उचित स्थान पर लगवा दिया गया है।
9. स्वास्थ्य सेवाओं एंव टेलीमानस के टोल फ्री नं0 प्रवेश द्वार पर पेन्ट कराकर दिया गया है।
10. शुद्ध पेयजल हेतु खराब पडे आर0ओ0 प्लॉन्ट को सही करा दिया गया है।
11. कक्ष संख्या–9 में रखे सामानो को व्यवस्थित रूप से रख दिया गया है।
12. शौचालय टूटा हुआ एवं अन्य कई चोक शौचालय सही करा दिया गया है।
13. शीतकक्ष में आई0एल0आर0, डीफ्रीजर, स्टेपलाईजर, शीत पंजिका पुस्तिका मानकानुसार पायी गयी तथा डीफ्रीजर 01 खराब को सही करा दिया गया है।
14. चिकित्सालय में चिकित्सा सेवाओं की अन्तः एवं बाह ब्रांडिंग मानकानुसार करायी जा रही थी।
15. लेबर रूम टीकाकरण कक्ष ओ0पी0डी0/आई0पी0डी0 चिकित्सक कक्ष आदि में चिकित्सीय सेवाओं एवं सम्बन्धी चिकित्सक आदि का नाम तथा मोबाइल नम्बर प्राथमिक रूप से अंकित कराया जा रहा था।
16. स्वास्थ्य इकाई द्वारा जनपद से अपेक्षित उपकरणों की पूर्व मांग पत्रों की सूची जनपदों को उपलब्ध कराते हुए सम्बन्धित से अपेक्षा की गयी कि यथासम्भव अपूर्ति पूर्ण हो सके।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरागढ़–**

1. मुख्य मार्ग से साईनेज बोर्ड एवं अस्पताल के अन्दर स्वास्थ्य इकाई के नाम का बोर्ड मानकानुसार उपलब्ध पाया गया।
2. सी0एच0सी0 प्रांगण में साफ–सफाई एवं झांडियाँ और घासों की कटाई का कार्य किया जा चुका था।

Du

3. सी0एच0सी0 भवन पूरानी बिल्डिंग में स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करता है किन्तु स्वास्थ्य इकाई का भवन लगभग 60 प्रतिशत जर्जर अवस्था में बिल्डिंग पायी गयी। इकाई के निकट 30 बेडेड अस्पताल बनकर तैयार है जो अभी तक हैण्डओवर नहीं किया पाया गया है।
4. एन0बी0एस0यू0 इकाई हेतु मात्र 01 रेडिएण्ट वार्मर और 01 फोटोथैरेपी क्रियाशील है, मानकानुसार उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। मात्र 01 स्टाफ नर्स कार्यरत है और 01 स्टाफ नर्स की ड्यूटी आगरा ताजमहल में लगाई गयी, जिसको कार्यहित में एन0बी0एस0यू0 इकाई में पुनः लगा दिया गया है।
5. लेबर रूम के अन्दर न्यूबॉर्न केयर कार्नर हेतु उपलब्ध कराये गये नवीन रेडिएण्ट वार्मर क्रियाशील कर दिया गया है।
6. एच0आर0पी0 रेफरल इन एवं रेफरल आउट रजिस्टर नहीं बना हुआ था टीम द्वारा वस्तु स्थल पर सम्बन्धित को प्रशिक्षित करते हुए कृत कार्यवही मानकानुसार सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये।
7. सी0एच0सी0 प्रांगण में झांडियाँ, जंगल एवं गंदगी को तत्काल मजदूर लगा कर निस्तारित किया जा रहा था।
8. सी0एच0सी0 प्रांगण में नाली का निस्तारण जल प्रवाह को सही किये जाने के लिए अधीक्षक द्वारा मुख्य मार्ग एवं स्वास्थ्य इकाई के प्रांगण से मजदूर लगाकर टाईलो के मध्य जल निकासी की व्यवस्था की जा रही थी।
9. स्वास्थ्य सेवाओं के टोल फ्री नं0 एवं टेलीमानस प्रवेश द्वार पर पेन्ट कराकर प्रदर्शित किये जाने के निर्देश दिये गये।
10. समस्त स्वास्थ्य इकाई में लगभग टाईले टूटी हुई हैं एवं जहां पर टाईले सही भी पायी गयी वहां अलग–अलग रंग की टाईल दीवारो पर लगी हुई थी। वस्तु स्थिति से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपेक्षित अतिरिक्त सुधार एवं आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय टीम द्वारा अपेक्षा की गयी।
11. परिसर की पुताई एवं पेंटिंग कराने के दौरान सुनिश्चित किया जाये कि पूर्व से स्थापित आई0ई0सी0 एवं स्वास्थ्य सेवा सम्बन्धी ब्रांडिंग खराब न हो।
12. लेबर रूम टीकाकरण कक्ष ओ0पी0डी0/आई0पी0डी0 चिकित्सक कक्ष आदि में चिकित्सीय सेवाओं एवं सम्बन्धी चिकित्सक आदि का नाम तथा मोबाइल नम्बर प्राथमिक रूप से अंकित किया जा रहा था।
13. स्वास्थ्य इकाई द्वारा जनपद से अपेक्षित उपकरणों की पूर्व लम्बित मांग पत्रों की सूची जनपद को ससमय चिकित्सा इकाई को आपूर्ति किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर सिकरी –**

1. मुख्य मार्ग से साईनेज बोर्ड एवं अस्पताल के अन्दर स्वास्थ्य इकाई के नाम का बोर्ड सही करा दिया गया था।
2. सी0एच0सी0 प्रांगण में साफ–सफाई एवं झांडियाँ और घासों की कटाई का कार्य किया जा रहा था।
3. एच0आर0पी0 रेफरल इन एवं रेफरल आउट रजिस्टर नहीं बना हुआ था टीम द्वारा वस्तु स्थल पर सम्बन्धित को प्रशिक्षित करते हुए कृत कार्यवही मानकानुसार सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये।
4. स्वास्थ्य सेवाओं के टोल फ्री नं0 टेलीमानस प्रवेश द्वार पर पेन्ट कराकर प्रदर्शित किये जाने के निर्देश दिये गये।
5. शौचालय में सफाई एवं प्रभावी रूप से रनिंग वाटर को व्यवस्थित की जा रही हैं।
6. चिकित्सालय में चिकित्सा सेवाओं की ब्रांडिंग मानकानुसार नहीं पायी गयी सम्बन्धित प्रकरण की जानकारी क्वालिटी एश्यूरेन्स के जनपद एवं मण्डल परामर्शदाता को कृत कार्यवाही कार्य किया जा रहा था।
7. लेबर रूम टीकाकरण कक्ष ओ0पी0डी0/आई0पी0डी0 चिकित्सक कक्ष आदि में चिकित्सीय सेवाओं एवं सम्बन्धी चिकित्सक आदि का नाम तथा मोबाइल नम्बर प्राथमिक रूप से अंकित किया जाना है।
8. स्वास्थ्य इकाई द्वारा जनपद से अपेक्षित उपकरणों की पूर्व मांग पत्रों की सूची जनपद को कृत कार्यवाही किये जाने हेतु उपलब्ध कराया जा रहा था।
9. बी0पी0एच0यू0 बनकर तैयार है परन्तु हैण्डओवर अभी तक नहीं किया गया था।

Bur

10. चिकित्सालय के सामने ही बीमार दारो द्वारा 4 पहिया एवं 2 पहिया वाहनों को लगाया जा रहा है, जिसे तत्काल प्रभाव से अन्य स्थान पर पार्किंग बना दिया गया था।

11. सीवर की पाईप लाईन टूटी हुई पायी गई जिसे तत्काल ठीक कराने हेतु निर्देश दिये गये चिकित्सा इकाई में चिकित्सालय एवं रेजिडेन्स के भवन के जल निकास सही नहीं पाया गया सम्पूर्ण जल प्रांगण में भरता है निस्तारण का कार्य करा दिया गया है।

12. एक्सरे कक्ष में एक्सरे मशीन उपलब्ध है परन्तु एक्सरे टेक्नीशियन के न उपलब्ध होने के कारण क्रियाशील नहीं थी।

13. लेबर रूम में प्रसव टेबल पर उपयोग किये जाने वाले मैकनटास जनपद स्तर से उपलब्ध करा दिया गया है।

14. एन०बी०एस०यू० हेतु मानकानुसार 04 रेडिएण्ट वार्मर एवं 02 फोटोथेरेपी यूनिट के सापेक्ष मात्र 02 रेडिएण्ट वार्मर क्रियाशील थे।

15. मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया कि तत्काल प्रभाव से एन०बी०एस०यू० की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने हेतु 02 रेडिएण्ट वार्मर एवं 02 फोटोथेरेपी उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगनेर–**

1. साईनेज रोड बोर्ड एवं अस्पताल के अन्दर लगा दिया गया था।
2. सी०एच०सी० प्रांगण में साफ–सफाई एवं झाड़ियाँ और घासों की कटाई कार्य करा दिया गया है।
3. एच०आर०पी० रेफरल इन एवं रेफरल आउट रजिस्टर नहीं बना हुआ था।
4. सी०एच०सी० प्रांगण में झाड़ियाँ, जंगल एवं गंदगी को तत्काल मजदूर लगा कर निस्तारित करा दिये गये हैं।
5. स्वास्थ्य सेवाओं के टोल फ्री नं० प्रवेश द्वार पर पेन्ट कराकर प्रदर्शित करा दिया गया है।
   इकाई के भण्डार में 50000 हजार ओ०आर०एस० पैकेट पाये गये जिसे तत्काल प्रभाव से सभी
6. ए०एन०एम०,सी०एच०ओ० को उपलब्ध करा दिया गया है।
   प्रसव कक्ष के टेबल पर उपयोग में लाये जाने वाले कैलिसपेड नवीन रख दिये गये है।
7. लेबर रूम में स्थापित एन०बी०सी०सी० की रिपोर्टिंग हेतु कोई भी रजिस्टर नहीं बना हुआ था।
8. आर०ओ० प्लॉन्ट स्थापित है परन्तु अक्रियाशील पाया गया।
9. चिकित्सालय में चिकित्सा सेवाओं की ब्रांडिंग मानकानुसार करायी जा रही थी।
10. स्वास्थ्य इकाई द्वारा जनपद से अपेक्षित उपकरणों की पूर्व मांग पत्रों की सूची जनपदों को उपलब्ध कराया
11. गया।
    चिकित्सा इकाई पर राजकीय एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मानव संसाधन का अभाव पाया गया तत्सम्बन्ध में
12. मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा को अवगत कराते हुए कृत अपेक्षित मानव संसाधन की व्यवस्था किये जाने की अपेक्षा की गयी। चूंकि जनपद मुख्य से लगभग 55 किलो मीटर दूर स्वास्थ्य इकाई स्थापित है।
    स्वास्थ्य इकाई निरीक्षण प्रांगण में शीवर टैंक के लगभग 4 फीट खुले चेम्बर को ढक दिया गया है।
13. स्वास्थ्य इकाई के प्रथमतल पर संचालित भोजनालय कक्ष बहुत ही खराब और अनहाईजिन पाया गया जिसे
14. तत्काल व्यवस्थित किये जाने के निर्देश टीम द्वारा दिये गये।
    जे०एस०वाई० प्रसव कक्ष में टूटी हुई टाईल को तत्काल सही कराने के सुझाव दिये गये।
15. स्वास्थ्य इकाई में अधीक्षक कक्ष में डिसप्ले बोर्ड में प्रगति रिपोर्ट को प्रदर्शित किये जाने के निर्देश दिये गये एवं
16. अधीक्षक सूची पटिका में वर्तमान अधीक्षक का नाम पेन्टर द्वारा तत्काल अंकित कराया गया।

**एन०आर०सी० जिला चिकित्सालय आगरा–**

पर्यवेक्षण आख्या —

1. 10 बेडेड एन0आर0सी0 क्रियाशील है जिसमें 01 मेडिकल ऑफीसर, 01 एफ0डी0, 04 स्टाफ नर्स, 02 कुक कम केयर टेकर कार्यरत है। भ्रमण के दौरान 02 सैम बच्चे भर्ती पाये गये।
2. इकाई में भर्ती बच्चों की माँ/पिता को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान माह सितम्बर 2024 तक भुगतान किया जा चुका है।
3. आशा सैम बच्चों को समुदाय स्तर से रेफरल हेतु रू0 100 प्रति बच्चे एवं फॉलोअप हेतु रू0 50 प्रति बच्चे हेतु आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान माह दिसम्बर 2022 के उपरान्त अभी तक ब्लॉको द्वारा किया जा रहा है।
4. एन0आर0सी0 इकाई हेतु उपलब्ध कराये गये प्रिन्टर खराब हो जाने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है जिसको तत्काल प्रभाव से प्रिन्टर को सही कराने या नवीन प्रिंटर उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया।
5. इकाई में भर्ती सैम बच्चों को प्ले एरिया में खेलने हेतु खिलौने का क्रय कर उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया।
6. इकाई में आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत 02 कुक कम केयर टेकर एवं सफाई कर्मी के मानदेय का भुगतान कर दिया गया है।

राजीव कुमार दूबे
कार्यक्रम समन्वयक बाल स्वास्थ्य

डा0 आनंद अग्रवाल
उपमहाप्रबन्धक आर0के0एस0के0